रेल्वे स्टेशन, सर्वे चौक, राजपुर मे खाना वे गर्म कपड़े वितरण करते हुए आस्क।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भीमलाल आर्य समेत पांच लोगों को कांग्रेस ने छह साल के लिए निष्कासित किया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि किरन डालाकोटी, एस.पी. सिंह इंजीनियर, बालकिशन, भैरवनाथ टम्टा एवं पूर्व विधायक भीमलाल आर्य को पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं अनुशासनहीनता के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन है तथा इसमें यदि अनुशासनहीनता होती है तो उसे कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

### हरीश रावत जी को अपनी जेब से असली टोपी निकाल ही देनी चाहिएः भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ कॉग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के आरोपों का सिलसिलेवार जबाब देते हुए भाजपा ने तंज कसा है कि बंद कमरों में मुस्लिम यूनिवर्सिटी का वादा करने वाले हरीश रावत जी को अपनी जेब से असली टोपी निकाल ही देनी चाहिए क्यूंकि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के उनके असली गुरु और सेना विरोधी ब्रिगेड के महाराज, दिग्विजय सिंह आए हैं।

### ग्राम देवता हृषिकेश नारायण श्री भरत भगवान की डोली यात्रा निकाली

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश के ग्राम देवता हृषिकेश नारायण श्री भरत भगवान की डोली यात्रा श्रद्धापूर्वक से निकाली गई। कोविड गाइडलाइन को देखते हुए यात्रा सादगी के साथ निकाली गई। डोली का शहर में जगह–जगह श्रद्धालुओं ने पूजन कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं भी भगवान की पूजा–अर्चना कर खुशहाली की कामना की। हृषिकेश नारायण श्री भरत भगवान की डोली शोभायात्रा का नगर में भव्य आयोजन किया गया।

### अन्नदान महादान–अरदास समाज कल्याण चौरिटेबल ट्रस्ट

**संवाददाता** देहरादून। अरदास समाज कल्याण (आस्क) चौरिटेबल ट्रस्ट के युवा शाखा ने शनिवार को अपनी संस्था के विस्तार करते हुए देहरादून में रेल्वे स्टेशन, सर्वे चौक, राजपुर मे खाना वे गर्म कपड़े वितरण किए और अपनी नई शाखा की शुरुआत चंडीगढ़ में करते हुए राजमा चावल के फूड पैकेट सेक्टर 21, 22 और 35 में वितरण किए। इस उपलक्ष पर देहरादून में ऋषिता, प्रियंका, प्रियदिति, रितिशा, चिराग, अंशुल ,जसजोत सिंह और चंडीगढ़ में ऋषिजीत सिंह, सूरज, साहिल वर्मा , सुनील,साहिल, रविन्द्र सिंह मौजूद थे।

# राहुल गांधी ने हरिद्वार में किया गंगा पूजन और आरती

**गंगा पूजन**

■ पार्टी की भारी बहुमत से जीत का आशीर्वाद मां गंगा से मांगा

**संवाददाता**

हरिद्वार। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार शाम को हरकी पैड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा पूजन के साथ आरती की। हर की पैड़ी ब्रह्मकुंड पर गंगा आरती में शामिल होकर और गंगा पूजन करके कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने हिंदू और हिंदुत्व के अंतर को लेकर अपने एजेंडे को दिया बड़ा संदेश। राहुल गांधी पर उनके हिंदू ना होने को लेकर तमाम तरह के आरोप लगाए जाते रहे हैं। हर की पैड़ी पर गंगा आरती करने के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी मौजूद रहे। यहां पूजा–अर्चना कर राहुल गांधी ने पार्टी की भारी बहुमत से जीत का आशीर्वाद मां गंगा से मांगा। उनके साथ इस



दौरान पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है। खासकर धार्मिक मामलों को लेकर श्री गंगा सभा इसी नियम के तहत पहले उत्तराखंड के राज्यपाल मार्गेट अल्वा और अजीत कुरैशी के हर की पौड़ी पर आने का विरोध कर चुकी है। श्री गंगा सभा के विरोध के कारण इन्हें अपना कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा था।

राहुल गांधी श्री गंगा सभा के अध्यक्ष और महामंत्री की अगुआई में हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पर सनातन हिंदू धर्म के पूरे विधि विधान के साथ गंगा आरती की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के गंगा आरती में सम्मिलित होने और गंगा पूजन करने के लिए हरकी पैडी ब्रह्मकुंड पर दोपहर से ही तैयारी शुरू हो गई थी। हरकी पैडी ब्रह्मकुंड की प्रबंध कार्यकारिणी संस्था श्री गंगा सभा के अध्यक्ष प्रदीप झा और महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने स्वयं तैयारी का निरीक्षण किया।

**हरिद्वार में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मीः** धर्मनगरी हरिद्वार में सुरक्षा व्यवस्था की कमान नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार को सौंपी गई। चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे। हरकी पैड़ी और कार्यक्रम स्थल पर राहुल गांधी के पहुंचने के दौरान कुछ समय के लिए यातायात रोका गया।

### किसान, मजदूर व गरीबों के साथ पार्टनरशिप चाहती है कांग्रेस

रुपद्रपुर। उत्तराखंड में चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। सभी पार्टियां अपने स्टार प्रचारकों को अपने क्षेत्रों में बुलाकर जनता को अपने पक्ष में मतदान को प्रेरित कर रहीं। इस समय ऊधमसिंह नगर में भाजपा की तरफ से सांसद, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर शनिवार को राहुल गांधी भी किच्छा में किसानों को संबोधित किया। ऊधमसिंह नगर कुमाऊं की तराई बेल्ट है। यहां सर्वाधिक किसान वोट हैं। अभी खत्म हुए किसान आंदोलन की तासीर गर्म है, जिसे कांग्रेस भुनाना चाहती है।

राहुल गांधी ने सबसे पहले ऊधम सिंह नगर व नैनीताल जिले के कुछ प्रत्याशियों का नाम लिया और किसानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन तीन कानूनों के खिलाफ पत्थर जैसे, पहाड़ जैसे खड़े हो गए। आपने एक इंच इनको नहीं दिया। कोई समझौता नहीं किया। एक कदम पीछे नहीं लिया। आपने हिंदुस्तान की सरकार को सच्चाई दिखाई। इसके लिए बधाई। हम आपके साथ उत्तराखंड में पार्टनशिप चाहते हैं। किसानों, मजदूरों, गरीबों, सभी के साथ। जहां हम दिल खोलकर कह सकते हैं। गोवा में हमने जो किया वह उत्तराखंड में भी करेंगे।

# भाजपा पूरे प्रदेश में जीत की ओर अग्रसर

**जनसंपर्क**

■ भाजपा प्रत्याशी विनोद चमोली ने विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मांगे वोट

**संवाददाता**

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विनोद चमोली ने आज वसंत पंचमी पर आशिमा बिहार, विद्या विहार,भारूवाला ग्रांट, निरंजनपुर रोची पुरा, माजरा आदि स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि भाजपा पूरे प्रदेश में



जीत की ओर अग्रसर है। हमारी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा है। देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है विनोद चमोली ने अपने संबोधन में पिछले 5 वर्षों में उनके द्वारा धर्मपुर विधानसभा में किए गए विकास कार्यों तथा उससे पूर्व महापौर के रूप में 10 वर्ष तक देहरादून महानगर के लिए किए गए कार्यों का विवरण गणमान्य नागरिकों के समक्ष रखते हुए उनसे 14 तारीख को मतदान अवश्य करने की अपील की।

विनोद चमोली के साथ भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल, भाजपा नेता महेश पांडे, पार्षद राजपाल पयाल आदि ने भी कार्यक्रमों को संबोधित किया।

कार्यक्रमों में डीपी बडोनी, रजनी देवी ,नीलू डोबरियाल, कैप्टन एसएस राठौर, भूपेंद्र फर्त्याल, मंजू कोटनाला, दीपक नेगी, शशि जोशी, नवीन नौटियाल, इंदु पुंडीर, वैजयंती माला, रिया कोहली आदि उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी का उत्तराखंड से विशेष नाता रहाः हरीश रावत

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी का उत्तराखंड से विशेष नाता रहा है। आपके नाना पंडित जवाहर लाल नेहरू और पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने इस क्षेत्र को बसाया था। इसे तराई के नाम से जाता है। इस क्षेत्र की पंतनगर विश्वविद्यालय भी कांग्रेस की ही देन है। हरित क्रांति से लेकर श्वेत क्रांति, यानी जितनी भी क्रांति हुई। इसकी श्रेय पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को जाता है। जब आपदा आई थी। तब भी आप (राहुल गांधी) हमारे आंसू पोंछने आए। आपका यह एहसान उत्तराखंड कभी नहीं भूलेगा। जब किसानों पर काले कानून थोपे गए थे। जो पहली आवाज उठी। वह राहुल गांधी की थी। आपकी आवाज से ही किसानों ने आंदोलन शुरू किया था। आंदोलन सफल रहा। किसानों के लिए हरीश रावत ने कहा कि आंदोलन के दौरान जिन किसानों पर मुकदमा दर्ज हुआ है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।